# फिलिस्तीन को मानवीय सहायता

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को फोन पर दिलाया भरोसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से गुरुवार को फोन पर बात कर गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत के लंबे समय से जारी 'सैद्धांतिक रुख' को दोहराया। मोदी ने अब्बास के साथ क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर भारत की 'गंभीर चिंता' साझा की।

प्रधानमंत्री ने अब्बास से कहा कि भारत फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की।' उन्होंने कहा, 'हम फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की।'

मंगलवार को गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल में हुए विस्फोट में लगभग 500 लोगों के मारे जाने की खबर है। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने विस्फोट के लिए इजरायल के हवाई हमले को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन इजरायल ने कहा कि वह इसमें शामिल नहीं है और विस्फोट असफल रहे एक फिलिस्तीनी रॉकेट के कारण हुआ।

### भारत ने मानवीय कानून का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया

**गाजा** के एक अस्पताल में विस्फोट से मौत के कुछ दिनों बाद, भारत ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया और इजरायल-हमास संघर्ष में नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 7 अक्टूबर को इजरायल के शहरों पर हमास के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी तरह के आतंकवाद से निपटने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन अजय' के तहत तेल अवीव से पांच उड़ानों में लगभग 1,200 भारतीय और 18 नेपाली नागरिक भारत आए हैं।

बागची ने कहा, 'हमने इजरायल पर हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और हमारा मानना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी तरह के आतंकवाद से निपटने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए।'

फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता को लेकर एक सवाल पर बागची ने कहा कि भारत उनका समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) में महत्त्वपूर्ण योगदान के माध्यम से फिलिस्तीन और फिलिस्तीनी शरणार्थियों का सहयोग कर रहा है। 2002 और 2023 के बीच यूएनआरडब्ल्यूए में कुल 2.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया गया है।' बागची ने कहा, 'यूएनआरडब्ल्यूए में भारत का वार्षिक योगदान 2018 में 12.5 लाख अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 50 लाख अमेरिकी डॉलर कर दिया गया था। भारत ने अगले दो वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25) के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर का वार्षिक योगदान देने का वादा किया है।' **भाषा**



गाजा सिटी के ध्वस्त भवनों के ऊपर से गुजरती मिसाइल फोटो-पीटीआई

### इजरायल के साथ खड़ा है ब्रिटेन : सुनक



**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को 'सबसे कठिन समय' में इजरायल के साथ खड़े होने का वादा किया और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। क्षेत्र में संघर्ष को और बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से उन्होंने पश्चिम एशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान इजरायल के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। सुनक ने इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठकें कीं। उन्होंने 'सबसे कठिन समय' में इजरायल के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। नेतन्याहू ने सुनक का गले लगाकर स्वागत किया और एक-दूसरे को 'दोस्त' बताया। सुनक ने इजरायली प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे इजरायल के सबसे कठिन समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है। आपके मित्र के रूप में हम आपके साथ एकजुटता से खड़े होंगे। हम आपके लोगों के साथ खड़े होंगे और हम यह भी चाहते हैं कि आप जीतें।' उन्होंने कहा, 'इस खौफनाक समय में फंसे ब्रिटिश नागरिकों को दिए गए सहयोग के लिए भी मैं आपकी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।'

### मानवीय सहायता की बात को 'बेहद बेबाकी' से रखा

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इजरायल के नेताओं के साथ बातचीत में उन्होंने इस बात को 'बेहद बेबाकी' से रखा कि यदि हमास के साथ जारी संघर्ष के कारण विस्थापित गाजा के लोगों के संकट को दूर करने के लिए मानवीय सहायता की अनुमति नहीं दी जाती तो इजरायली नेताओं को इसके लिए 'जिम्मेदार' ठहराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल 'बेहद पीड़ित' रहा है, बावजूद इसके अगर उसने गाजा के लोगों की पीड़ा को कम करने का अवसर नहीं तलाशे तो वह दुनिया भर में अपनी विश्वसनीयता खो देगा।

इजरायल ने हमास के आतंकवादियों के खिलाफ संभावित जमीनी अभियान के पहले उत्तरी गाजा में रहने वाले 11 लाख फिलिस्तीनियों को दक्षिण की ओर चले जाने का निर्देश दिया था। सात अक्टूबर को इजरायल पर हमास के भीषण हमले में 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने आगाह किया कि गाजा के शहर में अभूतपूर्व मानवीय संकट पैदा होने की आशंका है। बाइडन ने तेल अवीव से लौटते समय अपने विशेष विमान 'एयरफोर्स वन' पर पत्रकारों से कहा, 'संभवतः उन्होंने आपको बताया होगा कि इजरायलियों के साथ बातचीत में मैं बहुत बेबाक रहा।' इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान बाइडन ने देश के साथ अपनी एकजुटता प्रकट की और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अहम वार्ता की।

इजरायल से लौटते समय बुधवार को बाइडन ने कहा, 'देखिए, इजरायल बेहद पीड़ित रहा है। लेकिन सच्चाई यह है कि अगर इजरायल उन लोगों के कष्टों को दूर करने का अवसर मिलता है तो उसे उनकी मदद जरूर करनी चाहिए।

# भारत में बनेगा पिक्सल फोन

एजेंसियां

**इंटरनेट** कंपनी गूगल ने कहा है कि वह भारत में 'पिक्सल सीरीज' के स्मार्टफोन बनाएगी। गूगल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि कंपनी भारत में पिक्सल 8 के साथ इसकी शुरुआत करेगी और 2024 में भारत में बने फोन बाजार में उतारना शुरू कर देगी।

तकनीक क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने एक सालाना कार्यक्रम 'गूगल फॉर इंडिया' में इस योजना का जिक्र किया। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण घोषणाएं भी हुईं। गूगल के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि गूगल भारत के डिजिटल विकास में एक विश्वसनीय सहयोगी की भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

गूगल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपकरण एवं सेवाएं, रिक ऑस्टेरलो ने कहा कि कंपनी भारत में मोबाइल फोन बनाने के लिए अनुबंध पर विनिर्माण करने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी करेगी। ऑस्टेरलो ने नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में कहा कि कंपनी भारत गूगल पिक्सल सीरीज के मोबाइल फोन के साथ यह शुरुआत करेगी।

कंपनी ने कहा कि पिछले कई वर्षों के दौरान भारत में पिक्सल स्मार्टफोन की लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ी है। ऑस्टेरलो ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत में पिक्सल स्मार्टफोन बनाने में कंपनी की योजना को समर्थन दिया है। ऑस्टेरलो ने कहा, 'भारत में पहले जितने मोबाइल फोन इस्तेमाल होते थे उनमें 98 प्रतिशत आयातित होते थे। अब 98 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में ही बनते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां अब भारत में अपना संयंत्र लगाना चाहती हैं। भारत ने इन कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार बन कर उभरा है।' वैष्णव ने कहा, 'भारत में पिक्सल स्मार्टफोन बनाने की गूगल की घोषणा सरकार की मेक इन इंडिया नीति के लिए बड़ी उपलब्धि है। वैष्णव ने कहा, 'मैंने उनसे तीन साल में टेंसर को भारत में लाने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में, उन्हें भारत में टेंसर का निर्माण शुरू करना चाहिए।'



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, गूगल इंडिया के अधिकारी

### गूगल क्लाउड बनाएगी सुपर ऐप

**गूगल** भी सुपर ऐप बनाने की होड़ का हिस्सा बन गई है। मगर कंपनी का कहना है कि उसका लक्ष्य इस ऐप की मदद से नागरिक सेवाओं से जुड़ी सूचनाओं को हरेक लोगों तक पहुंचाना है। गूगल क्लाउड ने गुरुवार को कहा कि नागरिक केंद्रित सेवाएं देने के लिए उसने ऐक्सिस आई इंडिया के साथ मिलकर 'ए' ऐप के नाम से एक सुपरऐप तैयार करेगी। सुपरऐप की मदद से कई सुविधाओं का लाभ एक साथ उठाया जा सकता है। 'ए' ऐप गूगल क्लाउड की जेनएआई खूबियों का इस्तेमाल कर विभिन्न भाषाओं में कई तरह की सेवाएं लोगों तक पहुंचाएगा। कंपनी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम के 9वें संस्करण में इस सुपरऐप की घोषणा की। कई भाषाओं में उपलब्ध 'ए' ऐप सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं, रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाओं, रोजगार के अवसर और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी जानकारियां स्मार्टफोन पर लोगों तक पहुंचाएगा। गूगल क्लाउड के प्रबंध निदेश विक्रम सिंह बेदी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि ये सभी सुविधाएं नागरिकों को उनके एवं उनके परिवार के प्रोफाइल एवं नामों के आधार पर मिलेंगी। **आशुतोष मिश्र**


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बड़ौदा सन टॉवर, मुंबई
www.bankofbaroda.in

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा निम्नलिखित के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है

| क्रम सं. | निविदा का नाम | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख |
| --- | --- | --- |
| 1 | ट्रेंड माइक्रो के डीप सिक्योरिटी एंटीवायरस सोल्युशन के -1000-लाइसेंस की खरीद के लिए सेवा प्रदाता का चयन | 10.11.2023 |

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।

"परिशिष्ट", यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड में जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.10.2023
मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)
(86/23-24)


# न्यूजक्लिक: अदालत ने पुलिस से मांगा जवाब

**उच्चतम** न्यायालय ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की आतंकवाद निरोधक कानून यूएपीए के तहत गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिकाओं पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस से जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा के पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और 30 अक्टूबर तक जवाब मांगा।

पुरकायस्थ और चक्रवर्ती की ओर से क्रमशः वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल तथा देवदत्त कामत ने कहा कि वे जेल में हैं और याचिकाओं पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने 16 अक्टूबर को मामले को अत्यावश्यक आधार पर सूचीबद्ध करने पर सहमति जता दी थी। तब सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले पीठ के समक्ष इसका उल्लेख किया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि वह मामले को अत्यावश्यक आधार पर सूचीबद्ध करने पर फैसला करेंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोनों की गिरफ्तारी और उसके बाद पुलिस रिमांड के खिलाफ उनकी याचिकाओं को 13 अक्टूबर को खारिज कर दिया था।

### अदालत से



### धनशोधन मामले में सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत बढ़ी

उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र कुमार जैन को पहले दी गई अंतरिम जमानत की अवधि छह नवंबर को उनकी नियमित जमानत याचिका की सुनवाई तक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी के पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी द्वारा याचिका का उल्लेख किए जाने पर संज्ञान लिया था।

पीठ ने 10 अक्टूबर को पारित अपने आदेश में कहा, 'मामले को 6 नवंबर, 2023 को अपराह्न 3 बजे न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी के पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें। वहीं, पहले दी गई अंतरिम जमानत को सुनवाई की अगली तारीख तक बढ़ाया जाता है।'

### सिसोदिया को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति

दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अपने विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं के लिए धन आवंटन के लिहाज से गुरुवार को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिसोदिया के एक आवेदन पर आदेश जारी किया। उन्होंने कहा, 'आरोपी संख्या 8 की ओर से दाखिल आवेदन पर उन्हें उनके विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुछ विकास परियोजनाओं के लिए धन आवंटन से जुड़े कुछ दस्तावेजों पर अदालत की निगरानी में हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी गई है।' न्यायाधीश ने इससे पहले अगस्त में सिसोदिया के इसी तरह के आवेदन को स्वीकार कर लिया था। **भाषा**


# कारखानों में बढ़ रही महिला भागीदारी

पृष्ठ 1 का शेष

**आनंद** ग्रुप की योजना 2025 तक इनकी संख्या बढ़ाकर 30 फीसदी करने की है। कुछ इकाइयों में तो महिला कर्मचारी 70 से 100 फीसदी तक हैं। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लीलैंड ने अपने होसुर कारखाने में एक उत्पादन लाइन पूरी तरह महिलाओं के हाथ में दे दी है। ओला इलेक्ट्रिक की फ्यूचर फैक्टरी में केवल महिलाएं काम करती हैं।

ऐपल इंक के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन तथा कलपुर्जा कंपनी सालकॉम्प भारत में सबसे ज्यादा महिलाओं को काम पर रखने वाले ब्रांड में शुमार हैं। इसी प्रकार आईटीसी की कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना इकाइयों के एकीकृत उपभोक्ता वस्तु विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स कारखाने (आईसीएमएल) में 50 से 75 फीसदी कर्मचारी महिला ही हैं।

सीआईईएल एचआर के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आदित्य नारायण मिश्र के अनुसार उनकी कंपनी द्वारा तमिलनाडु एवं कर्नाटक की 131 कंपनियों के बीच कराए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि शॉप फ्लोर में महिला कर्मचारियों की संख्या 2022 के मुकाबले 2023 में करीब 26 फीसदी बढ़ गई। पुरुषों के वर्चस्व वाले रेल क्षेत्र में वेबटेक कॉरपोरेशन (पूर्व में जीई ट्रांसपोर्टेशन) ने हाल में अपने शॉप फ्लोर पर महिलाओं के लिए पिंक लाइन की शुरुआत की है। कंपनी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भारतीय क्षेत्र की प्रमुख सुजाता नारायण ने कहा, 'हमने अपने शॉप फ्लोर पर ह्वाइट कॉलर गतिविधियों एवं इंजीनियरिंग टीम में 20 फीसदी से अधिक महिलाओं का लक्ष्य रखा है।'



#### महिलाओं पर जोर

कंपनियां तमाम कारणों से अपने कार्यबल में स्त्री-पुरुष अनुपात को बेहतर करने पर ध्यान दे रही हैं। टाटा स्टील की मुख्य विविधता अधिकारी और मुख्य लर्निंग एवं विकास अधिकारी जया सिंह पांडा ने कहा, 'अगर आप विभिन्न उद्योगों के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी नहीं बढ़ाएंगे तो बड़ी तादाद में प्रतिभाएं बाहर रह जाएंगी। इससे आर्थिक वृद्धि भी प्रभावित होगी।'

आनंद ग्रुप के समूह अध्यक्ष एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी जगदीश कुमार ने कहा, 'महिलाओं को नियुक्त करने के कई फायदे हैं। पहला फायदा यही है कि कर्मचारियों द्वारा कंपनी छोड़ने की दर कम रहेगी।'

अशोक लीलैंड के अध्यक्ष एवं मानव संसाधन प्रमुख राजा राधाकृष्णन का मानना है कि शॉप फ्लोर पर अधिक महिला कर्मचारी होने से समावेश बढ़ता है और सकारात्मक एवं उत्पादक माहौल भी तैयार होता है।

आईटीसी के कॉरपोरेट मानव संसाधन प्रमुख अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि उनकी कंपनी महिला कर्मचारियों की नियमितता, कुशलता और अनुशासन को देखते हुए उन पर बड़ा दांव लगा रही है।

#### चुनौतियां

महिलाओं के लिए शॉप फ्लोर तक पहुंचने का सफर अक्सर आसान नहीं होता। टाटा मोटर्स के ट्रिम, शैसि ऐंड फाइनल (टीसीएफ) विभाग में काम करने वाली 22 साल की वैष्णवी सुधाकर वाकाले ने कहा कि उनके गांव की महिलाओं के लिए काम के वास्ते बाहर निकलना आसान नहीं है। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष (मानव संसाधन, यात्री वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन) सीताराम खांडी ने कहा कि पारंपरिक तौर पर पुरुषों के काम में महिलाओं की सफलता उन्हें सशक्तिकरण का अनोखा एहसास देता है।


एक एनबीएफसी
अनेक समाधान
भारत की भावी महत्त्वाकांक्षाओं का वित्तपोषण



किसी एक को चुनें जो आपकी कारोबार जरूरतों के लिए पूरी तरह से फिट हो:
आवधिक ऋण,
ऋण का पुनर्वित्तपोषण,
इक्विटी का वित्तपोषण,
कार्यशील पूंजी ऋण,
अवसरंचना का वित्तपोषण, आदि।

आरईसी ही क्यों चुनें?
कम पेपरवर्क,
कम से कम समय में कार्य का निष्पादन,
तुलनात्मक रूप से अच्छी ऋण दरें,
पूरे भारत में सेवाएं,
देश के विद्युत क्षेत्र के विकास में 53 वर्ष से अधिक का अनुभव।

वित्तपोषण के लिए साझीदार:
बिजली,
ऊर्जा,
परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स,
जल एवं स्वच्छता,
संचार,
सामाजिक एवं वाणिज्यिक अवसरंचना आदि।

आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी
₹4,000 बिलियन से अधिक लोन बुक वाली भारत की प्रमुख एनबीएफसी

पंजीकृत कार्यालय: कोर-4, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉरपोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. आई-4, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 फोन: +91-124-4441300
ई-मेल: contactus@recl.in वेबसाइट: www.recindia.nic.in
हमसे जुड़ें: @reclindia
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें: